प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य कैबिनेट में कुल 36 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, किसानों को धान की एमएसपी पर सौ रुपये प्रति क्विंटल बोनस, कर्मियों का डीए बढ़ा।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज झारखंड दौरे पर, चतरा के ईटखोरी और गढ़वा के नगर उंटारी में बीजेपी की परिवर्तन रैली को करेंगे संबोधित। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हजारीबाग और पलामू में भरेंगे हुंकार।
- विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर आएगी झारखंड।
- जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा आज से शुरू तैयारियां पूरी, झारखंड में पहली बार परीक्षा को लेकर मोबाइल इंटरनेट सेवाएं सुबह 8 बजे से डेढ़ बजे तक बंद।

*******************

राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 36 प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने राज्य के किसानों से धान अधिप्राप्ति के लिए 100 रुपये प्रति क्विंटल अधिक बोनस राशि देने का निर्णय लिया। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने यह जानकारी दी।

वहीं उनतीस हजार छह सौ चार जलसहिया को डीबीटी के माध्यम से 12 हजार रुपये लागत की स्मार्टफोन देने की स्वीकृति दी गई। इसमें 34 करोड़ 40 लाख रुपये खर्च आएगा। साथ ही राज्य सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए महंगाई भत्ते को बढ़ाने की कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। सभी सरकारी कर्मियों का बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एक जनवरी 2024 से ही प्रभावी होगा।

*******************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का आज शुभारंभ करेंगे। वे चतरा के ईटखोरी हाईस्कूल मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। वहीं रक्षामंत्री गढ़वा के नगर उंटारी सिंचाई विभाग मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी रहेंगे। इधर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत ग्यारह बजे से झुमरी तिलैया के ब्लॉक मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मौर्य पलामू प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत रंका के हाई स्कूल मैदान में दोपहर ढाई बजे आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि झारखंड से एक–एक बांग्लादेशी घुसपैठिये को चुन–चुनकर बाहर निकाला जायेगा। भोगनाडीह से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करने के बाद वे साहिबगंज में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि घुसपैठ की समस्या का समाधान केवल भाजपा ही कर सकती है।

श्री शाह ने जोर देकर कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है, जिसे उखाड़ फेंकना भाजपा की प्राथमिकता है।

*******************

पलामू में अवस्थित एमएमसीएच में सेंट्रल कोटा के तहत नीट पास अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की तिथि घोषित कर दी गयी है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

पश्चिम बंगाल सरकार ने झारखंड सीमा सील करने का आदेश कल देर शाम वापस ले लिया है। इसके बाद मैथन समेत जमशेदपुर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और बोकारो से लगी सीमाएं खोल दी गईं और वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। इससे पूर्व जमशेदपुर एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि मालवाहक वाहनों के आवागमन की व्यवस्था के लिए वार्ता की गई है——

******************

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर रांची आएगी। टीम में मुख्य चुनाव आंयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू सहित करीब एक दर्जन अधिकारी होंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालयें को इसकी सूचना दे दी गई है। टीम यहां राष्ट्रीय और राज्य स्तर के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इसमें भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, राजद, आप समेत कई पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

******************

कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता (सीजीएल) परीक्षा आज और कल राज्य के 823 केंद्रों पर होगी। इसमें 5 लाख 40 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए दोनों दिन सुबह आठ से दोपहर डेढ़ बजे तक मोबाइल इंटरनेट और मोबाइल वाईफाई बंद रहेगी। गृह विभाग ने यह आदेश जारी कर दिया है। हालांकि फिक्स्ड फोन और ब्रॉडबैंड सेवा जारी रहेगी। झारखंड में ऐसा पहली बार है, जब किसी परीक्षा के लिए इंटरनेट बंद की जा रही है। दरअसल जनवरी में यह परीक्षा हुई थी, लेकिन पेपर लीक हो जाने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इसी को देखते हुए इस बार कड़े कदम उठाये जा रहे हैं।

******************

संक्षिप्त खबरें

- भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने जमशेदपुर पश्चिम के विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपने लगभग 5 साल के कार्यकाल में जनता को ठगने का काम किया, विकास का कोई काम नहीं किया। वहीं मंत्री बन्ना गुप्ता ने उनके आरोपों को निराधार बताया है।
- धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने साइबर अपराध के मामलों में जिले के नागरिकों से सतर्कता बरतते हुए संबंधित पोर्टल या टोल फ्री नंबर पर मामले की रिर्पोटिंग का अनुरोध किया है, ताकि समय रहते इस दिशा में कार्रवाई की जा सके।
- धनबाद जिले में झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा—में लगभग 29 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन जिले के 74 सेंटर पर 3 शिफ्ट में किया जाएगा। सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर 540 से अधिक जवान व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

******************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड आगमन और बीजेपी के परिवर्तन रैली में अमित शाह के संबोधन को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने लिखा है–भाजपा की सरकार बनायें घुसपैठियों को चुन–चुनकर बाहर निकालेंगे।
दैनिक जागरण ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बयान को प्रमुखत से प्रकाशित करते हुए लिखा है–कृषि आधारित उद्योगों से किसानों की आय में होगी वृद्धि।
दैनिक भास्कर ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा को लेकर राज्य भर में दो दिनों तक मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद करने की खबर को सुर्खी बनाई है।
हिंदुस्तान ने निर्वाचन आयोग की टीम के 23 सितंबर को झारखंड आगमन की खबर को सुर्खी बनाई वहीं रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कृषि नीति पर जोर देने के बयान को पहले पन्ने पर जगह दी है।
इधर अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने राजद सुप्रीमो लालू यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की स्वीकृति की खबर को लीड बनाया है।

*************